दिनांक 24.03.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

लोक सुराज अभियान में गोद भराई की रस्म पूरी की मंत्री रमशीला साहू ने

भिलाईनगर/लोक सुराज अभियान जोन 06 रिसाली में वार्ड 58,59,62 एवं के निवासियों के लिए आर्यव्रत महाविद्यालय रुआबांधा वार्ड 63 एवं जोन 03 मदरटेरेसा नगर मानव आश्रम सेक्टर–01 वार्ड 47 में वार्ड 46,47,48,49 एवं 50 के निवासियों के लिए आयोजित किया गया। श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण सुबह से ही आवेदकगण उपस्थित हो गये थे। शिविर का समय सुबह 10 बजे से 3 बजे तक निर्धारित है आयुक्त के0एल0 चौहान के निर्देशानुसार जब तक आवेदकगण उपस्थित रहते हैं तब तक फार्म वितरण कर कार्यवाही की जा रही है। शिविर के दौरान मंत्री रमशीला साहू महिला एवं बाल विकास, एवं जनपद अध्यक्ष श्रीमती माया बेलचंदन, नगर निगम आयुक्त श्री के0एल0 चौहान, एवं स्थानीय पार्षद व एल्डरमेन ने सभी काउंटरों के अधिकारी, कर्मचारियों को शिविर के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। लक्ष्य समाधान शिविर के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री रमशीला साहू, जनपद सदस्य माया बेलचंदन, ने श्रीमती दीपा रुआबांधा निवासी जो सात माह से गर्भवती हैं उसकी रस्मों रिवाज के साथ श्रीफल, सुहाग की सामग्री प्रदान कर गोद भराई की साथ ही 6 माह के बालक गोलू का अन्न प्राशन करवाकर शुभकामना दी। समाधान शिविर में पहुंचकर प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के में पात्र 10 हितग्राहियों को गैस कनेक्शन प्रदान किये । प्रशिक्षण प्राप्त उद्यमी, घरेलु उपयोग के कार्य बिजली कार्य लोगों से आर्डर प्राप्त होने पर घर–घर जाकर सेवाएं देंगे। आजीविका मिशन अंतर्गतं ट्रेनिंग प्राप्त 05 महिला प्रतिभागी को प्रमाण–पत्र एवं मेडल देकर नौकरी की सुविधा प्रदान की गई। जांच के दौरान सहीं पाये गये 03 हितग्राहियों को बीपीएल राशन कार्ड प्रदान किया गया। शासन की जनकल्याणकारी योजना सभी के घर में विद्युत का कनेक्शन प्राप्त लाईट हो के तहत् लाभान्वित सौभाग्य योजना अभियान का 04 हितग्राहियों को प्रमाण–पत्र वितरित कर बिजली कनेक्शन प्रदान किया गया। 02 हितग्राही को मजदुर कार्ड, प्रधानमंत्री बीमा योजना के तहत् 100 आवेदन, स्मार्ट कार्ड के 10 आवेदन, सम्पत्तिकर वसूली 10 हजार रुपये, प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत 51 लोगों को जानकारी एवं 26 हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किया गया।

अगला शिविर 26 मार्च को जोन 02 वैशाली नगर अंतर्गत शा.उ.मा.शाला हाउसिंग बोर्ड वार्ड 27 में वार्ड 16,26 एवं 27 के नागरिकों के लिए आयोजित किया जायेगा।

जनसम्पर्क विभाग